साईं तेरा ही नाम

साईं तेरा ही नाम,
मैं रोज जपूं साईं तेरा ही नाम,
साईं तेरा ही नाम साईं तेरा ही नाम,
हर वक्त रटू साईं तेरा ही नाम.......

मेरी सुबह में तू,
मेरी शाम में तू,
मेरी उलझन में,
आराम में तू,
साईं तेरा ही नाम,
हर वक्त रटू साईं तेरा ही नाम....

मेरी कश्ती तू,
पतवार भी तू,
मेरी सांसों की,
रफ्तार भी तू,
साईं तेरा ही नाम,
हर वक्त रटू साईं तेरा ही नाम....

अब कर दो करम,
लाचार हूं मैं,
तेरी रहमत का,
तलबगार हूं मैं,
साईं तेरा ही नाम,
हर वक्त रटू साईं तेरा ही नाम ......

मेरे दिल में हैं,
तस्वीर तेरी,
जागी तुझ से,
तक़दीर मेरी,
साईं तेरा ही नाम,
हर वक्त रटू साईं तेरा ही नाम....

सावन तुझ से,
पतझड़ तुझ से,
ये धरती है,
पावन तुझ से,
साईं तेरा ही नाम,
हर वक्त रटू साईं तेरा ही नाम....

मैं एक लहर,
तू सागर है,

तुझ से रौशन,
मेरा जीवन है,
साईं तेरा ही नाम,
हर वक्त रटू साईं तेरा ही नाम.....

जब तुम रूठ गए,
मैं तो टूट गया,
तुम पास आए,
ये दिल झूम गया,
साईं तेरा ही नाम,
हर वक्त रटू साईं तेरा ही नाम.....

मैं तो तेरा हूं,
मुझे प्यार करो,
कहो मैं भी तेरा हूं,
मुझे लाड करो,
कहो मैं भी तेरा हूं,
मुझे लाड करो,
साईं तेरा ही नाम.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30872/title/sai-tera-hee-naam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |